शवों को प्रवाहित न करें : नगर आयुक्त

युद्धस्तर पर सेनेटाइजेशन व सफाई कार्य जारी

बैठक कर दिशा निर्देश देते नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा

शाहजहांपुर। मुख्य सचिव के निर्देश पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा बैठक की गई। जिसमें क्षेत्रों में शवों को नदियों में प्रवाहित करने से रोके जाने को गठित समितियों से चर्चा की गयी। नगर आयुक्त ने कहा कि मृत्यु के बाद उनको जलाने व दफनाने का कार्य विधिपूर्वक किया जाये, जल में प्रवाहित करते यदि पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वैक्सीनेशन के लिए आनलाइन पंजीकरण कराएं और कोविड वैक्सीन अवश्य लगवायें। नगर आयुक्त ने कहा कि सेनेटाइजेशन व सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिसमें खिरनीबाग चौराहा, अंटा चौराहा, जेल परिसर, मोहम्मदजई, शाह कालोनी, कच्चा कटरा, दुर्गा मंदिर, राघाट पुलिस चौकी, जिला अस्पताल, भारद्वाजी, अजीजगंज, मेहमान शाह, चौक, बक्सरियां, चारखम्भा आदि क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन व सफाई कार्य किया गया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विशाल कुमार, डा.गुंजन, डा.गौतम, डा. लक्ष्मण, डा.हुदा जेहरा, खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, सैफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।